Hostel Website
22/6/24

In-Charge Student Affairs
Gautam Buddha University
Greater Noida (U.P.)

Government of India
Ministry of Home Affairs
Narcotics Control Bureau
B-912, Sector-A, CID Colony Mahanagar
Lucknow (U.P)-226006, Tel:0522-2339412
Email: vzu-ncb@nic.in

सत्यमेव जयते

No. III/153/LZU/26th June / 2024/583 Dated: 19 /06/2024

सेवा मे,

i) प्रमुख सचिव समाज कल्याण, उ॰प्र॰ शासन।
ii) समस्त जिलाधिकारी, उ॰प्र॰ शासन।
iii) पुलिस महानिरीक्षक, ए.एन.टी.फ उ॰प्र॰ शासन।
iv) अपर मुख्य सचिव, आबकारी विभाग , उ.प्र शासन।
v) अपर मुख्य सचिव प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च /प्राविधिक शिक्षा, यूपी।
vi) क्षेत्रीय कार्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, प्रयागराज/नोएडा।
vii) उप-आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ/वाराणसी/आगरा मण्डल।
viii) राज्य के प्रमुख विश्व विधालय, महाविधालय एवं विधालय।

CDO/D703
कृ॰ ... आवश्यक कार्यवाही

जिलाधिकारी
गौतमबुद्धनगर
19 JUN 2024

विषय: 20 जून 2024 को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, लखनऊ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल-NCB Lucknow से होने वाले लाइव जागरूकता कार्यक्रम का यूट्यूब लिंक साझा करने के संदर्भ मे।

श्रीमान,

कृपया उपरोक्त विषयक का संदर्भ ग्रहण करे।

2. इस विषय मे विदित है कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, लखनऊ ने अपने पूर्व पत्राचारों के माध्यम से राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानो जैसे कि स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रो एवं कर्मचारियों के लिए अपने आधिकारिक YouTube चैनल-NCB Lucknow पर दिनाँक 20 जून 2024 को लाइव स्ट्रामिंग के द्वारा एक घंटे का जागरूकता सत्र कार्यक्रम के आयोजन के संबंध मे आपके कार्यलय को अवगत कराया था। प्रस्तावित जागरूकता सत्र के अंतिम 10 मिनट मे गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक पदार्थो के दुरुपयोग समापन प्रतिभागियों द्वारा एक व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध ई-प्रतिज्ञा सत्र को भी सम्मिलित किया गया है।

3. इस जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य व्यापक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों जैसे कि स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षारत छात्रो/युवाओ, शिक्षा संस्थानो से जुड़े संबन्धित कार्मिको नशे के हानिकारक प्रभावों के विरुद्ध जागरूक करना है।

4. उक्त जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने हेतु स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ के आधिकारिक YouTube चैनल का लाइव लिंक निम्नलिखित है।(लिंक .docx फ़ाइल मे भी इस मेल के साथ संलग्न है।)

https://www.youtube.com/live/imxA3MpJdZU?si=0wUhPv1X7Ga99np6

5. उपरोक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि उक्त लिंक को राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थानों जैसे कि उच्च, माध्यमिक, एवं बेसिक शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग आदि से समन्वय स्थापित करते हुए राज्य के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों आदि को एकीकृत रूप से शामिल करते हुए उक्त लिंक को साझा करने का श्रम करें जिससे कि उक्त जागरूकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों एवं छात्रो/युवाओ को लाभान्वित किया जा सके।

भवदीय

K 19.06.24
(डा॰ कुल प्रकाश सिद्धार्थ)
सहायक निदेशक

Scanned with OKEN Scanner